# National Institute of Technology Karnataka - Surathkal

Odd Sem Report 2021-22

# HINDI EVAM

# SANSKRIT CLUB

# HINDI PAKHWADA

Hindi Pakhwada is celebrated every year from 1st to 15th September. The main objective of the Pakhwada festival is to create awareness about Hindi language among the students. Under this, many programs are organized for the promotion of Hindi language. In this time of pandemic, according to the time, all these programs were conducted through online medium.

The following competitions were organized under Hindi Pakhwada:

1. Caption the image [Pre-Event] (September 3)
2. Chulbule Kisse (September 5))
3. Hindi Handwriting Competition (September 7)
4. Quiz Competition (9 September)
5. Debate Competition (September 11)
6. Hindi Poetry (Oral) (September 12)
7. Article Writing Competition (September 13)
8. Hindi Poetry Presentation (Written) (14 September)

**Videos for promotion of competitions:**

https://drive.google.com/file/d/1jEVieNd8OJL1jAFkGhOcI_DqKo1a3vbS/view?usp=drivesdk

Posters for the promotion of competitions:




## Brief description of the above competitions:

1. **Caption the image [Pre-event] (September 3)**

This was the first program under Hindi Pakhwada. In this program, the participants were given an image and had to write the appropriate caption for the given image. Write a specific title as participants look at the image. The objective of the event was to test their creativity and critical thinking skills. The number of students who participated was 55.

Both registration and submission are done through Google Forms.

List of winners:

1.Ankesh Pandey (181MN002)

2.Bhupesh Kumar Goswami (191ME217)

3. Avinash Gangwar (206PH009)

Submissions made by the winner (in photo):

ROLL NO. *

181MN002

Mobile no. (whatsapp) *

9481617805

Write your creative caption for the figure below ( in Hindi) *



डूबती हुई कश्ती, वहां एक किनारा है, एक लहर में डूब गया सारा ज़माना है ।

## 2. Chulbule Kisse (September 5):

In the Chulbule Kisse program, the participants were asked to make up some funny stories or stand-ups related to a given topic within a given time frame. The participants were judged on the basis of the quality and performance of the story. The participants were provided a platform for quick speaking in the program. About 25 people participated in the program.

The program was judged by Honorable Hindi Officer Dr. Darshak R. Trivedi ji.


**list of winners:**

1.Anshu Suman (201IT208)

2. Priyanshu Khemaria (191MT036)

3. Amit Kumar (201ME305)

**Event photo:**


16:14
39%
vgx-onqc-orm
Harshal
HARSHA S...
Sameera T...
S
Shashank
AMIT KUM...
NITISH
You
V
vaibhav
4 others

## Hindi Handwriting Competition (September 7):

The participants were asked to write a given paragraph and were judged on the basis of their writing and calligraphy skills. All the participants showed tremendous enthusiasm by participating in huge numbers in a very short span of time. About (45) students participated in the competition. Submissions to the competition were made via Google Forms.

## List of winners:

1. Ayush Rauniyar (201CH014)
2. Shashank Pandey (201CV150)
3. Pawan Choudhary(181MN023)
4. Riya Singh (201EC255)
5. Varape Gagan Suresh(201CH066)

## Some presentations written by the participants:

वर्ष 2001 में रिकार्ड के अनुसार, लगभग छब्बीस करोड़ नागरिक हिंदी में बात करते है। हिंदी को 14 सितंबर 1949 को भारत की राष्ट्रीय भाषा के रुप में अपनाया गया तब से हिंदी भाषा को एक उच्च दर्जा प्राप्त हुआ और इसी उपलक्ष्य में हर प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी एक इंडो - आर्यन भाषा है, जिसे देवनागरी लिपि में भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रुप में लिखा गया है। राजेन्द्र सिंह, हजारी प्रसाद द्विवेदी, काका कालेलकर, मैथिलीशरण गुप्त, और सेठ गोविंद दास गोविंद जैसे लोगो ने हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा बनाए जाने के पक्ष में कड़ी पैरवी की। भारतीय संविधान के अनुसार, अनुच्छेद 343 के अनुसार, हिंदी को अधिकारिक भाषा के रुप में अपनाया गया था। हमारी मातृभाषा हिंदी और देश के प्रती सम्मान दिखाने के लिए हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। हिंदी दिवस पूरे भारत में बहुत उत्साह और गर्व के साथ मनाया जाता है। शिक्षण संस्थानों से लेकर सरकारी दफ्तरों तक सभी हमारी राष्ट्रभाषा को सम्मान देते है।

पूछो मेरी जाति, शक्ति हो तो, मेरे भुजबल से,
रवि - समान दीपित ललाट से और कवच - कुण्डल से,
पढ़ो उसे जो झलक रहा है मुझमें तेज - प्रकाश,
मेरे रोम - रोम में अंकित है मेरा इतिहास।

अर्जुन बड़ा वीर क्षत्रिय है, तो आगे वह आवे,
क्षत्रियत्व का तेज जरा मुझको भी तो दिखलावे।
अभी छीन इस राजपुत्र के कर से तीर - कमान,
अपनी महाजाति की दूँगा मैं तुमको पहचान।


कृपाचार्य ने कहा, वृथा तुम क्रुद्ध हुए जाते हो,
साधारण - सी बात, उसे भी समझ नहीं पाते हो।
राजपुत्र से लड़े बिना होता हो अगर अकाज,
अर्जित करना तुम्हें चाहिए पहले कोई राज।

कर्ण हतप्रभ हुआ तनिक, मन - ही मन कुछ भरमाया,
सह न सका अन्याय, सुयोधन बढ़कर आगे आया,
बोला - 'बड़ा पाप है करना, इस प्रकार, अपमान,
उस नर को जो दीप रहा हो सचमुच, सूर्य समान।

मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का,
धनुष छोड़ कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का?
पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर,
'जाति - जाति' का शोर मचाते केवल कायर क्रूर।

'किसने देखा नहीं, कर्ण जब निकल भीड़ से आया,'
अनायास आतंक एक सम्पूर्ण सभा पर छाया।
कर्ण भले ही सूत्रोपुत्र हो, अथवा श्वपच, चमार,
मलिन, मगर, इसके आगे हैं सारे राजकुमार।

शशांक पांडेय



रिया सिंह

PAGE:
DATE: / /

स्वच्छता पर निबंध

प्रस्तावना : साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं।
स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत। सफाई से रहने से जहाँ शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं स्वच्छता तन और मन दोनो की खुशी के लिए आवश्यक है। स्वच्छता, सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए।
महात्मा गांधी ने कहा था – 'स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए, हमारे जीवन के लिए स्वच्छता की बहुत जरूरत है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।
महत्व – अभी कोरोना काल में रोगियों कि बढ़ती जनसंख्या एवं अस्पतालों मे साफ-सफाई को ध्यान देने की आवश्यकता से यह बात और भी स्पष्ट हो गई है कि जीवन मे स्वच्छता की कितनी जरूरत है।
स्वच्छता को बनाए रखने के लिए हमें इधर-उधर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। कचरा हमेशा कूड़ेदान में ही फेंकना चाहिए। कहा भी गया है अतः स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। अतः स्वच्छता के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।

## 4. Quiz Competition (9 September)

The objective of the quiz is mainly to assess the general knowledge skills of the participants. Several questions were asked to the

participants in this event. Answers were entered in Google Forms. It was a time based quiz and the participant with the highest score in the competition won. The questions were based on Current Affairs, Hindi Grammar and Hindi Literature. A total of (76) students had registered for the competition.

**List of winners:**

1. Pawan Choudhary(181MN023)
2. Avinash Kumar (191ME118)
3. Shashank Pandey (201CV150)
4. Janmansh Agarwal (191CS205)
5. Viraj(181MN038)

## 5. Debate Competition (September 11)

The participants were given a topic to debate and in which they had to speak against or against the topic. The debate competition was held in two rounds with different subjects. The participants in both the rounds were energetic and enthusiastic. The total number of participants was (32). This competition was organized on Google Meet platform.

The judges of the program were Sujit Yadav, former convener of HESC, present convener Abhay Mishra and writer Nitish Kumar.

**The subjects of debate were the following:**

1. The most spoken language should be accepted as the national language.

2. Complete prohibition in the state is a good decision.

**List of winners:**


1. Vaibhav Jha (201EE164)

2. Shashank Pandey (201CV150)

3. Amit Kumar (201ME305)

3. Nitin Kumar (201MT034)

**Event photo:**



## 6. Hindi Poetry Presentation Competition (Verbal) (September 12)


The participants had to submit any of their written poems in the competition. All the poems were very thoughtful and beautifully written. The participants were judged keeping in mind the quality of writing and manner of speaking. The participants were full of confidence and very energetic while presenting their poetry. There were no restrictions on the type of poetry spoken. About (30) students participated in the programme.

The judges of the program were Nitish Kumar, former convener Arpit Jadia and our present convener Abhay Mishra.

**List of winners:**

1. Nimish Saket (201IT139)
2. Shantanu Salhotra (206PH022)
3. Prithviraj Sahu (206PH019)
4. Satyajit Kumar (191EE245)
5. Arnav Raj (201EC109)

**Event photo:**




## 7. Article Writing Competition (September 13)

In the article writing competition a topic was given and the participants had to write an article on it within the given word limit. They were judged on the basis of the quality of the article and the clarity of the sentences. About (35) students registered for the program and submitted their articles through Google Forms.

## The topic of writing the article was:

Snakes are always wrapped around the sandalwood tree, but they can never poison it. Sandalwood never forgets to spread its fragrance. But we are often told that our behavior is driven by our environment. These two statements are opposite to each other. How do you see these two statements and which of them do you support?

## List of winners:

1. Shashank Pandey (201CV150)
2. Viraj (181MN038)
3. Amit Kumar (201ME305)

## Articles submitted by participants:

शशांक पांडेय
20ICV150
Date: 13/07/2021
Page: 01

सामाजिक कथन के अनुसार "व्यक्ति योगियों के साथ योगी और भोगियों के साथ भोगी बन जाता है।"
परन्तु विडंबना तो यह है कि, इस कथन के विरोध में एक और सामाजिक कथन प्रचलित है। कहा जाता रहा है कि, "चंदन के पेड़ से हमेशा सांप लिपटे रहते हैं लेकिन वो कभी उसे जहरीला नहीं कर पाते हैं। चंदन अपनी खुशबू फैलाना कभी नहीं भूलता।"
मेरे अनुसार यह दोनों कथन अपने-अपने स्थान पर बिल्कुल सही हैं। और इन दोनों का सही उपयोग परिस्थितियों के अनुसार किया जाता है।
इस लेख के लिए अगर मैं अपने परामर्श की बात करूँ तो दूसरा कथन कि 'चंदन के पेड़ पर सांप का लिपटना' वाली बात निश्चित तौर पर उन असाधारण गुण और क्षमता वाले व्यक्तियों के लिए है जिन पर संगति और सामाजिक वातावरण का कोई प्रभाव न पड़ता हो, जिनका खुद के ऊपर और अपने मस्तिष्क के ऊपर संपूर्ण नियंत्रण हो।
वहीं पहला कथन, जो इस बात का समर्थन करता है कि, 'आप जिनके साथ संगत में हो, आप वैसे ही बनते हो'।
मेरे अनुसार यह कथन समाज के ज्यादातर वर्ग के लिए, या फिर हर उस आम और सामान्य व्यक्ति के लिए सही है जो खुद को सामाजिक दृष्टिकोण से देखते हैं, और लोगों की हर बात को बेहद गंभीरता से लेते हैं।
मनुष्य एक सामाजिक पशु है, और इस कारणवश उसे हमेशा साथ की आवश्यकता होती है, तो क्यों ना वह साथ सुसंगत हो, कुसंगति अधिकतर हानिकारक होती है।
इस कारणवश मैं इस कथन से पूर्णतः सहमत हूँ कि,

- 'अच्छी संगति राखिए, व्यक्तित्व निखार कर जाए।
  कुसंगति हो जाए जीवन में, चरित्र नष्ट हो जाए।।'

शशांक पांडेय
20ICV150

Date: 13/09/2021
Page: 02

परंतु जो लोग मेरे इस बात से सहमत नहीं हैं, उनका तर्क यह होता है कि, कमल भी तो कीचड़ में ही खिलता है।
लेकिन अफसोस की वे यह बात भूल जाते हैं कि, वैज्ञानिक कारणों के अनुसार, "कमल की जड़े सिर्फ कम ऑक्सीजन वाली मिट्टी में ही उग सकती हैं", इसलिए उनको कीचड़ और दलदल की आवश्यकता है, परन्तु हम इंसानों को अपना 'श्रेष्ठ संस्करण और उच्च व्यक्तित्व' पाने के लिए कतई किसी कुसंगति कि आवश्यकता नहीं है।
यह संपूर्ण विश्व आशाओं की नींव पर खड़ा है, और इस लेख के विश्लेषण में इस 'आशा' का भी महत्वपूर्ण योगदान है। अगर किसी व्यकित को, जो सही राह से भटक चुका हो, एक अच्छा सामाजिक परिवेश और वातावरण उपलब्ध कराया जाए तो यह आशा की जा सकती है कि वह सुधर जाए।
वहीं एक बेहतर इंसान किसी कुसंगति के कारण गलत राह पर जा सकता है।

- उदाहरण के तौर पर आपके सामने, भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवान 'सुशील कुमार' का जीवन है।
देश के लिए 'ओलंपिक' में दो व्यक्तिगत मेडल जीतने वाले सुशील कुमार आज कुसंगति के कारण जेल में हैं।
- अब सुसंगति के उदाहरण के तौर पर आप फिलम अभिनेता संजय दत्त की जिंदगी को देख सकते हैं।
एक अच्छे मित्र और पिता के साथ के बाद, नशे में डूबे रहने वाले संजय दत्त आज एक सफल अभिनेता हैं।

अतः जीवन में अच्छी संगति होना और सकारात्मक वातावरण होना बेहद आवश्यक है।

मनुष्यों में पाशविक प्रवृत्ति के इतर सामूहिक बोध के समावेश के कारण हमने अपनी प्रजाति को 'सामाजिक पशु' की संज्ञा से सुसज्जित किया है। किसी नवजात शिशु का तरतीबवार बोलना-चलना-समझना सीखना जितना नैसर्गिक है उतना ही आश्चर्यकारक भी। मनुजों में बिना आभास के भी अपने वातावरण से चीजों के आत्मसात होने का विलक्षण सामर्थ्य है। यह मनोविज्ञान के स्तर पर भी सिद्ध तथ्य है कि हमारी करनी और आचार-व्यवहार की प्रकृति विशाल तौर पर हमारे आस-पास के माहौल और प्रतिवेश से प्रेरित होती है। सामाजिक संज्ञानात्मक मनोवैज्ञानिक अल्बर्ट बंडूरा ने अपने एक प्रयोग के तहत दो दलों में लोगों को किसी गुड़िया को बारी-बारी से मारने हेतु कहा। गौरतलब है कि एक गुट लोगों को गुड़िया पर प्रहार को देख रहा था और दूसरा दल अपने अतिरिक्त किसी के भी कृत्य का साक्षी नहीं था। परिणामस्वरूप यह पाया गया कि जो दल अपने पूर्व के प्रतिभागियों को देख रहा था वह दूसरे दल से तुलनात्मक तौर पर ज्यादा हिंसक था। सार यह है कि हमारी परिस्थितियाँ एवं परिवेश हमारे आचरण के स्वरूप का निर्धारण करते हैं। इसी क्रम में हमें हमारे बर्ताव को समाज से लीक पर चलने की मान्यता व सांत्वना मिलती है और जिस शख्स का नजरिया नितांत अलहदा मिले उसे लोग बागी या बावला मानने की छूट ले लेते हैं।

हम आस-पास हो रही घटनाओं का सर्वप्रथम अवलोकन करते हैं, ततपश्चात उसका अनुकरण भी। समाज में इस परिदृश्य के विभिन्न उदाहरण तमाम स्तर पर दृष्टिगोचर होते हैं। मसलन युवाओं का फिल्मी तथाकथिक सितारों की नकल करना, बच्चों का अपने घर के बड़े लोगों के व्यवहार से मेल खाना, लोगों का सोशल मीडिया पर चल रहे चलन में भाग लेना, इत्यादि। अमूमन हमारे भीतर ध्यान बटोरने और औरों द्वारा पसंद किए जाने की विशेष हूक उठती है जिसकी अनुक्रिया में हम अपने चरित्र और व्यवहार की नक्काशी करते हैं। हमारे कर्मों की संरचना की निर्मिति में इस बात का भी योगदान होता है कि उस कार्य के संपादन के बाद हमें पुरस्कृत किया जाएगा या दण्डित। पर्यावरण से सीखने के सिद्धांत का समाज में सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही प्रभाव व्याप्त है। हालाँकि इस बात से कदापि इनकार नहीं है कि वयस्क अपने निर्णयों के लिए स्वयं जिम्मेवार होते हैं परंतु कंडीशनिंग और सामाजिक ढर्रा भी हमें कई चीजें करने हेतु परोक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से विवश करता है। अवलोकन व अनुकरण की यथार्थता ही अनुकूलन की चर्चा को सुदृढ़ करती है; कुरीतियों के उन्मूलन हेतु पथ प्रदर्शित व प्रशस्त करती है।

मुझे 'चंदन और साँप' का कथन अन्यथा भी अनुचित व बेढंगी दलील लगता है क्योंकि साँप के विष में चंदन की खुशबू में घुल जाने की क्षमता मौजूद नहीं होती लेकिन मनुष्यों के व्यवहार में अनादि काल से परासरण का सर्वविदित गुण निहित रहा है। इसलिए भी हमसे हमारी संगति को लेकर सजग रहने की बात प्रेषित की जाती है अतैव मुझे कबीर यह कहते हुए,

"कबीर संगत साधु की, नित प्रति कीजै जाय।

दुरमति दूर बहावासी, देशी सुमति बताय।।" अधिक तर्कसंगत लगते हैं।

---

**8. Hindi Poetry (Written) (14 September)**

In the competition, the participants had to write and submit a self-composed poem. He was judged on the basis of his poetry writing skills. There was no restriction on the type of poetry and the basic idea of the event was to promote the writing skills of the participants and to strengthen their thoughts so that they can pen down their thoughts. The competition yielded many high quality articles and the creativity shown by all the participants was really appreciable.

About (40) students registered for this program and presented their best writing.

**List of winners:**

1. Nimish Saket (201IT139)
2. Prithviraj Sahu (206PH019)
3. Shantanu Salhotra (206PH022)
4. Shashank Pandey (201CV150)
5. Kunal Singh tawar (201IT130)

**Photos of some articles submitted by the participants:**

# प्रियतम मिलाप !

दृश्य:आरंभ

अहा! प्रेम रीति है धरा पे,
अनुपम , सबल , निराली।
कोयल के कुहुकने से भी,
झंकृत होती है डाली।।

झर झर बहते सरिता के तट पे,
अद्‌भुत व्योम है छाया।
उमड़ घुमड़ कर जलधर बरसे,
प्रेम मिलन हो आया।।

वार्ता:प्रिय

विपुल नयन गुंजित अंतर में,
अद्वितीय एक भ्रमणी हो।
देवलोक के सुरबलाओं से भी,
श्रेष्ठ अलौकिक रमणी हो।।

प्रत्यक्ष भाव मन में बहुधा,
आह्लाद प्रकट करता है।
उपवन में भौंरा निकट,
कुसुम के ही विचरता है।।

यदि एक घड़ी भी विलंब पड़े,
तो मूर्छित सा हो जाऊं।
डोर पड़ी प्राणों की तुममें,
सो समीप शीघ्र आ पाऊं।।

वार्ता:प्रियतमा

जिसकी व्याकुलता न चरम पड़ी,
वह क्या प्रियतम है।
सिवा कुंठा के जीवन में उसके ,
केवल तम ही तम है।।

लेके गगरी घर से माथे पर,
बच बचा के आती जो।
एकांत में छेड़ो ना मुझको,
तनिक लज्जा सी आती जो।।

मंद मंद बहते पवन के झोकें,
पुलकित करते हैं तन को।
यूं कबतक निहारोगे ऐसे,
गोद में पड़े ऊपर घन को।।

दृश्य:वृत्तांत

अस्त होते सूर्य के तेज को,
देतें है अर्घ्य इस प्रेम के वेग को।
हा! दुरित है बिछड़ जाना कहीं,
परन्तु हृदय ने कथन को माना नहीं।।

कुछ चित में गूढ़ रखने चाहिए भी,
निशा के स्वप्न सुंदर सजने चाहिए भी।
सदा चलता रहेगा क्रम इस वन में,
भोर होते ही पंछियों का उड़ना गगन में।।

*~"निमिष साकेत"*

## कुपुत्र

अगर धरती माँ एक औरत है,
तो वो वहशत के घर में ब्याही हुई विधवा औरत है.
वहशत का खानदान एक ऐसा परिवार है,
जो बहू को सताने के लिए
ख़ुद की रोटियों के आटे में ज़हर घोल देते हैं.
इस परिवार के लोग
बहू को जलाने के लिए,
चूल्हा जलता छोड़ देते हैं,
और यह भी परवाह नहीं करते कि
उनका खुद का मकान भी जल रहा है.
और हम उसी वहशत के खानदान में पले-बड़े बच्चे हैं,
जो ममता का उधार
धरती माता को काट कर, नोच कर और छील कर उतार रहे हैं.
हमनें हमारी माँ का कोई अंग साबुत नहीं छोड़ा,
सब कुछ निचोड़ दिया.
हमने पेड़ों की जड़ें उखाड़ी दी हैं,
पहाड़ों को खोखला कर डाला है,
समंदरों में ज़हर घोले हैं,
और हवा को साँस लेने लायक नहीं छोड़ा,
सब कुछ बस,
फ़क़त दो पल में जल जाने वाली इक शय को हासिल करने के लिए.
हमें माँ के आँचल के रूप में तारों की छाया नसीब हुई थी,
हमने उसको भी दुत्कार दिया.
हमें माँ ने जितने अमृत दिए,
सब में हमने अपनी नफ़रत घोल के विष बना दिए.
हमें धरती माँ ने जो भी खिलौने खेलने और संभालने के लिए दिए,
हमने सब तोड़ दिए और यहाँ कहीं फेंक कर उन्हें भूल गए.
हमने जानवरों जैसे उड़ने, दौड़ने और जीने की चाहत को पूरा करते करते
इंसानियत को ही गाड़ के गलने के लिए छोड़ दिया.
हमें हमारी माँ ने सारी उम्र प्यार देने की कोशिश करी,
सारी जिंदगी प्यार सिखाती रही
और अंत में हम केवल नफ़रत से भरे कुपुत्र बन के रह गए.

कि हमने ही बसाए थे मेसापोटामिया के शहर!
कि हमने ही रखी थी पहली ईंट, पहले मकानों में।
कि हमने ही दुपकाए थे मेहरगढ़ के गर्भ में
गेहूं के पहले बीज।
कि हमने ही खाया था फिर सरसों का पहला साग।
कि हमने ही लगाई थी पहली आग।
कि हमने ही उतारी थी भागीरथी अपनी जटाओं में।
हमने ही सूखी धरती पर पानी फेरा था।

बड़े-बड़े चक्रवातों से भी बचा ले आए हैं हम
अपने संदूक,
जिनमें रखीं हैं हमारे पुरखों की अस्थियां।
जिनकी राख से जलाई जा सकती है
अब भी कोई नयी आग।
पकाया जा सकता है अनगिनत कच्चा मांस।

महामारियों में भी बच ही निकलेगा कोई एक हाथ,
एक आखिरी लौ जलाने के लिए।
जिसकी रोशनी में दिखेंगे आदमियों के संघर्ष।
वितस्ता के युद्ध से लेकर न्यूक्लियर हमलों तक।

हम तब न थके, फिर अब कैसे थक सकते हैं?
कैसे रख सकते हैं, अपनी कुदाल!
पोंछ सकते हैं अपना पसीना?

कि हम फिर उठेंगे, जीने की ललक लेकर।
माथों पर लिए विश्व का नक्शा।
एक-एक शहर नापेंगे,
लेकिन
इस बार नहीं दोहराएंगे पुरानी गलतियां।
ताजमहल खड़ा नहीं करेंगे इसबार,
खड़ी करेंगे न्याय की देवियां।
अमरीका से हिन्द तक।
जिसकी आंखों पर नहीं होगी कोई काली पट्टी।
या तराजू
जो बन चुका है साम्राज्यवादियों का मंझा हुआ हथियार।

इसबार
उसके हाथों में होगा संयुक्त राष्ट संघ का चार्टर,
जिसमें मानवाधिकारों को मिटाकर
"जीवों के अधिकार" लिखे होंगे।

# AZADI KA AMRUT MAHOTSAV

## EK BHARAT SHRESHTHA BHARAT

This event is celebrated every year at the end of October. To rejoice the spirit of freedom and to remember the struggles of the freedom fighters HESC conducts the competition based on the theme patriotism. The following competitions were organized under "**Ek Bharat Shreshtha Bharat**":

1.Quiz Competition (Hindi) [October 30]

2. Essay Competition (Hindi) [October 30]

**Brief Description of the above events:**

**1.Quiz Competition:** A quiz was conducted on google forms where the questions were mainly based on freedom movement. It was a time-based quiz and was designed to test the knowledge of the participants regarding the freedom struggle. Around 40 people participated in the competition.

List of Winners:

1. Narendra Patil (191IT131)
2. Saurabh Tiwari (181CV201)
3. Viraj (181MN038)

**2.Essay Competition:** Topic for the essay was "भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन".

Participants were instructed to write the essay in about 600 words. The aim of this competition was to make the participants bring out their love for the nation expressed by words. About 20 participants submitted their work.

List of Winners:

1.Pragya Kiran (201IT142)

2.Saurabh Tiwari (181CV241)

3. Shashank Pandey (201CV150)

